सन्मार्ग

रांची, बुधवार 6 नवंबर 2019 | 04

www.sanmarglive.com

### इक्फाई विवि के दीक्षांत समारोह में आठ को गोल्ड मेडल

# डिग्री मिलना किसी छात्र के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण : कुलाधिपति





## कुल 149 विद्यार्थियों को मिली डिग्री

संवाददाता

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मंगलवार को कुल शैक्षणिक सत्र 2019 के लिए 149 डिग्रियां विद्यार्थियों को दी गई। इसमें से आठ को गोल्ड और आठ विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। रांची कॉलेज के आर्यभट्ट सभागार सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलाधिपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मु कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाई। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार ने कुलाधिपति का संदेश पढ़कर सुनाया। संदेश में कुलाधिपति ने सभी मेडल प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों, डिग्रधारियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को शुभमकामनाएं दी। कुलाधिपति ने कहा कि डिग्री मिलना किसी भी विद्यार्थी और शैक्षणिक संस्थान के लिए अनमोल क्षण होता है, जो संबंधित विद्यार्थी के कड़ी मेहनत का प्रतिफल होता है। दीक्षांत समारोह में पांच को पीएचडी, 38 पोस्ट-ग्रेजुएट, 100 स्नातक और डिप्लोमाधारी विद्यार्थी शामिल हैं। डिग्रीधारी विद्यार्थियों में 50 फीसदी महिलाएं थीं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में हाईकोर्ट के न्यायाधीश और लोकायुक्त डीएन उपाध्याय,रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा केके नाग समेत अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम में विवि के वीसी प्रो ओआरएस राव ने गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा पर जोर दिया।

**विश्वविद्यालय का जोर नैतिकता के साथ अच्छा नागरिक बनें विद्यार्थी: प्रो राव**

वीसी ने कहा कि विद्यार्थियों को नैतिकता के साथ अच्छा नागरिक बनाने के लिए विवि की ओर से उठाए गए विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी। वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने कैरियर विकास पर सभी कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम शुरू किया है, जिसमें विद्यार्थियों को तेजी से बदलते कैरियर के अवसरों के बारे में जागरूक किया जाता है। ताकि वे सही करियर का चुनाव कर सकें तथा उसकी तैयारी कर सकें। लोकायुक्त ने कहा कि स्नातक की डिग्रली विद्यार्थियों के समर्पित प्रयासों का नतीजा है। अब उन्हें पेशे के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन के बारे में भी उचित निर्णय लेना होगा। डा केके नाग ने कहा कि शैक्षिक योग्यता खुद के जीवन में सफलता का आश्वासन नहीं देती है। पीएचडी की डिग्री लेनेवाले विद्यार्थियों के जुनून ईमानदारी और समर्पण का परिणाम है।

रांची एक्सप्रेस

रांची, बुधवार, 06 नवंबर, 2019

### इक्फाई विश्वविद्यालय ने मनाया दीक्षांत समारोह

# छात्र जीवन की तपस्या का फल मिलने का अवसर है दीक्षांत समारोह : लोकायुक्त



**रांची:** लोकायुक्त न्यायमूर्ति डीएन उपाध्याय ने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र जीवन की तपस्या का फल मिलने का अवसर है। इसके बाद छात्र जीवन से निकलकर अपनी योग्यता का परचम लहराने का अभियान शुरू होगा। जीवन में ऊंची उड़ाने भरने की आवश्यकता है। इसके लिये पूरा छात्रों के पास पूरा विश्व खुला है। लोकायुक्त मंगलवार को इक्फाई विवि के तत्वावधान में आर्यभट सभागार आयोजित दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर इक्फाई विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने अपने स्वागत भाषण के दौरान विवि के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को मूल्यों और नैतिकता के साथ छात्रों को न केवल रोजगारपरक और अच्छे नागरिक बनाने के लिए विवि द्वारा उठाए गये विभिन्न प्रयासों पर प्रकाश डाला। समारोह में कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद, उद्योग प्रबंधक और सरकार के अधिकारी, विश्वविद्यालय के स्नातक छात्रों, छात्रों के माता-पिता, संकाय सदस्य और कर्मचारी, पूर्व छात्र और वर्तमान छात्रों ने इस समारोह में भाग लिया। दीक्षांत समारोह मे कुल 2019 के स्नातक 143 छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें 5 पीएचडी, 38 पोस्ट-ग्रेजुएट और 100 स्नातक और डिप्लोमा धारक छात्र शामिल थे। 16 छात्रों को उनके उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण और रजत पदक से सम्मानित किया गया। पदक पाने वालों में महिला की संख्या 50 फीसदी थीं।

प्रभात खबर
रांची, मंगलवार
05.11.2019

# इक्फाइ विवि का दीक्षांत समारोह आज, 16 को मिलेगा गोल्ड मेडल

रांची. इक्फाइ विवि, झारखंड का दीक्षांत समारोह मंगलवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया जायेगा. दिन के डेढ़ बजे से होनेवाले कार्यक्रम में वर्ष 2019 के विभिन्न विषयों के 16 विश्वविद्यालय टॉपर को गोल्ड मेडल दिये जायेंगे. समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति द्रौपदी मुर्मू होंगी. समारोह में विवि के चांसलर मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सरीन, कुलपति प्रो ओआरएस राव भी उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में स्नातक के विद्यार्थियों को डिग्री भी दी जायेगी.

प्रभात खबर
रांची, बुधवार
06.11.2019 19

इक्फाइ विवि दीक्षांत समारोह. छात्रों से राज्य के लोकायुक्त न्यायमूर्ति डीएन उपाध्याय ने कहा

# निष्ठा व ईमानदारी से ही मिलेगा लक्ष्य

विशेष संवाददाता @ रांची



### आठ गोल्ड व आठ सिल्वर मेडल दिये

### विनयशील होकर शिक्षा व ज्ञान प्राप्त करें



### पारंपरिक की जगह ब्रिटिश गाउन का हुआ उपयोग

खबर मन्त्र
16

इकफाई यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह

# पीएचडी के पांच, 38 पोस्ट ग्रेजुएट और 100 ग्रेजुएट व डिप्लोमा होल्डर स्टूडेंट्स सम्मानित

खबर मंत्र संवाददाता



बुधवार, 06 नवंबर 2019 2
हिन्दुस्तान

# इक्फाई विश्वविद्यालय के 143 छात्रों को डिग्री मिली

**दीक्षांत समारोह**

रांची | प्रमुख संवाददाता

इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का दीक्षांत समारोह मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि लोकायुक्त न्यायमूर्ति डीएन उपाध्याय के अलावा रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ केके नाग व इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओआरएस राव मौजूद थे।

समारोह में 2019 के उत्तीर्ण 143 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। जिनमें पांच पीएचडी, 38 पोस्ट-ग्रेजुएट और 100 स्नातक और डिप्लोमा धारक छात्र शामिल थे। 16 छात्रों को उनके उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण और रजत पदक से सम्मानित किया गया। लगभग 50 प्रतिशत पदक छात्राओं के हिस्से आए।



आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को आयोजित इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिक्षकों के साथ डिग्री पानेवाले विद्यार्थी।

समारोह में राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू नहीं आ सकीं। उनका संदेश रजिस्ट्रार ने पढ़ा। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा, यह आपके समर्पित प्रयासों का नतीजा है। अब आपको पेशे के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन के बारे में भी उचित निर्णय लेना होगा। डॉ केके नाग ने कहा कि शैक्षिक योग्यता, स्वयं जीवन में सफलता का आश्वासन नहीं देती है। समय के मूल्य को पहचानें।

जागरण सिटी रांची || दैनिक जागरण रांची, 6 नवंबर

# जीवन में स्किल से मिलेगी पहचान

## इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में बोले लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय

जागरण संवाददाता, रांची : जीवन में कई उलझनें आएंगी। भटकाव के लिए बहुत सारे विकल्प मिलेंगे। लेकिन एक संकल्प रखें लक्ष्य की प्राप्ति के लिए। अब समय आ गया है कि सांसारिक समुद्र में गोता लगाते हुए लक्ष्य निर्धारित करने का। ये बातें लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय ने कही। वे मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में इक्फाई विवि के दीक्षा समारोह में बोल रहे थे।

जस्टिस ने कहा कि आपने कितना अंक प्राप्त किया यह महत्वपूर्ण नहीं है, आप में स्किल कितना है यही आपको पहचान दिलाएगा। इससे पहले कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने सभी का स्वागत किया। कहा, हम शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में वैल्यू देते हैं। मौके पर रांची विवि के कुलपति डा. रमेश कुमार पांडेय, प्रोवीसी डॉ. कामिनी कुमार, एसके सिंह सहित अन्य थे।

### खुद को राष्ट्रभक्त सिद्ध करें

लोकायुक्त ने कहा कि जीवन में केवल अर्थ उपार्जन का लक्ष्य नहीं हो। खुद को अच्छे और राष्ट्रभक्त नागरिक सिद्ध करें। उन्होंने कहा कि उनके पिता टाटा स्टील में मजदूर थे। हमने प्रयास व मेहनत कर यहां तक का सफर तय किया। ईमानदारी से मेहनत करें तो जीवन में सब संभव है। विद्यार्थियों को इस पर अमल करने की जरूरत है।




मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में इक्फाई विवि के दीक्षा समारोह में उपस्थित अतिथि एवं गोल्ड मेडलिस्ट • जागरण

### शैक्षणिक योग्यता से अधिक ईमानदारी चाहिए

रांची विवि के पूर्व कुलपति प्रो. केके नाग ने कहा कि शैक्षणिक योग्यता जीवन में सफलता की चाबी नहीं है। जीवन में सफल होने के लिए ईमानदारी जरूरी है।

समारोह में वर्ष 2019 में विभिन्न प्रोग्राम से पास आउट 8 विद्यार्थियों को गोल्ड व 8 को सिल्वर मेडल दिया गया। इसके अलावा 143 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गई। इसमें पीएचडी 5, पोस्ट ग्रेजुएट 38 व ग्रेजुएट तथा डिप्लोमा के 100 विद्यार्थी शामिल हैं।

दैनिक भास्कर
दैनिक भास्कर, रांची, गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2019

# इक्फाई यूनिवर्सिटी का फ़र्स्ट कन्वोकेशन 5 को, वर्ष 2019 में 13 प्रोग्राम के पास आउट 200 स्टूडेंट्स को दी जाएगी डिग्री

सिटी रिपोर्टर | इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड की स्थापना के एक दशक के बाद पहली बार कन्वोकेशन पांच नवंबर को होने जा रहा है। इस समारोह के मुख्य अतिथि गवर्नर सह चांसलर द्रौपदी मुर्मू होंगी। समारोह में वर्ष 2019 में यूजी और पीजी पास आउट स्टूडेंट्स को उपाधि प्रदान की जाएगी। 20 टॉपरों को बतौर मुख्य अतिथि द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। वहीं यूनिवर्सिटी में संचालित कोर्सों के 200 पास आउट स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की जाएगी। इक्फाई यूनिवर्सिटी की 2009 में स्थापना हुई थी। वर्तमान में 13 यूजी और पीजी के एजुकेशन प्रोग्राम संचालित किए जा रहे हैं। इधर, कुलपति प्रो. ओआरएस राव की मॉनिटरिंग में दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है।



**आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में दीक्षांत समारोह :** दीक्षांत समारोह रांची यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित बेसिक साइंस भवन में होगा। समारोह 2.50 मिनट का होगा। यह 1.30 बजे शुरू होगा होगा। यह जानकारी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. अरविंद कुमार ने दी।

दैनिक भास्कर
रांची, बुधवार 06 नवंबर, 2019 | 05

**इक्फाई विवि का फर्स्ट कनवोकेशन : 143 स्टूडेंट्स को दी गई डिग्री**

# जिंदगी में ऊंची उड़ान भरनी है तो संतुलन के साथ अपनी रफ्तार बढ़ाएं स्टूडेंट्स : लोकायुक्त



एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय ने कहा कि जीवन में ऊंची उड़ान भरनी है तो संतुलन के साथ तेज रफ्तार चाहिए। भटकाव के बहुत सारे विकल्प आएंगे, पर लक्ष्य तय कर बेहतर विकल्प का चयन करना होगा। वे मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में इक्फाई विवि के पहले दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा, हम शिक्षा के साथ स्टूडेंट्स को वैल्यू भी देते हैं। मौके पर वीसी डॉ. रमेश पांडेय, प्रोवीसी डॉ. कामिनी आदि मौजूद थे।

## अंक नहीं, जीवन में स्किल महत्वपूर्ण

लोकायुक्त ने कहा कि आपने कितना अंक प्राप्त किया, यह महत्वपूर्ण नहीं है। आपकी स्किल पहचान दिलाएगी। हमने प्रयास व मेहनत कर यहां तक का सफर तय किया। आरयू और विनोबा भावे वीसी प्रो. केके नाग ने कहा कि शैक्षणिक योग्यता सफलता की चाबी नहीं है। सफलता के लिए ईमानदारी जरूरी है। माता-पिता आपके लिए बहुमूल्य हैं। उन्हें ओल्ड एज होम में नहीं भेजें।

### फैक्ट फाइल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 08 | टॉपरों को मिला गोल्ड मेडल | 05 | स्टूडेंट्स को पीएचडी उपाधि |
| 08 | स्टूडेंट्स को सिल्वर मेडल | 38 | स्टूडेंट्स को पीजी की डिग्री |
| 143 | स्टूडेंट्स को मिली उपाधि | 100 | स्टूडेंट्स को डिप्लोमा डिग्री |

• 2019 में पास आउट को मिली डिग्री

---

दैनिक भास्कर
रांची, मंगलवार 05 नवंबर, 2019 | 03

**फर्स्ट कनवोकेशन : वर्ष 2019 के 13 कोर्स के पास आउट को मिलेगी डिग्री**

# इक्फाई विवि का दीक्षांत आज चांसलर 20 टॉपरों को देंगी मेडल



रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड की स्थापना के एक दशक बाद फर्स्ट कनवोकेशन सेरेमनी पांच नवंबर को होने जा रहा है। इस समारोह के मुख्य अतिथि गवर्नर सह चांसलर द्रौपदी मुर्मू होंगी। इसमें वर्ष 2019 में यूजी और पीजी पास आउट स्टूडेंट्स को उपाधि प्रदान की जाएगी। 20 टॉपरों को बतौर मुख्य अतिथि द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। वहीं यूनिवर्सिटी में संचालित कोर्सों के 200 पास आउट स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की जाएगी। बताते चलें कि इक्फाई यूनिवर्सिटी की 2009 में स्थापना हुई थी। वर्तमान में 13 यूजी और पीजी के एजुकेशन प्रोग्राम संचालित किए जा रहे हैं। इधर, कुलपति प्रो. ओआरएस राव की मॉनिटरिंग में दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में होगा दीक्षांत :** दीक्षांत समारोह रांची यूनिवर्सिटी मोरहाबादी कैंपस स्थित बेसिक साइंस भवन में होगा। समारोह दो घंटे 50 मिनट का होगा। दिन के 1.30 बजे से शुरू होगा, जो 4.20 बजे तक चलेगा। यह जानकारी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. अरविंद कुमार ने दी।

---

आज
राजधानी
रांची, ६ नवम्बर, २०१९

# लक्ष्य का निर्धारण स्वयं करें: जस्टिस डीएन उपाध्याय

**इक्फाई विवि के दीक्षांत समारोह में आठ छात्रों को स्वर्ण एवं आठ को रजत**

- समारोह में 143 छात्रों को मिली डिग्री
- 50 से अधिक पदक पर महिलाएं विजेता





## आरयू के कुलपति एवं प्रोवीसी को नहीं मिला उचित सम्मान

## गाउन पहनकर सभी आएं थे

## राज्यपाल नहीं पहुंची